**UPSI180020392017**

न्यायालय **Civil Judge Junior Division, Mahmudabad, Sitapur**

पीठासीन अधिकारी- (Mayank Prakash), (उ०प्र० न्यायिक सेवा) - UP02293

मूलवाद सं० - Civil Suit/336/2017

राजकुमार—— बनाम ———मनीष रस्तोगी आदि

दिनॉक—17.03.2021

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर वादी स्वंय एवं वादी व प्रतिवादीगण के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित। वास्ते निस्तारण 31क नियत है।

**निस्तारण प्रार्थना—पत्र 31क—**

वादी ने प्रार्थना पत्र 31क अर्न्तगत आदेश 6 नियम 17 जा0 दी0 इस आशय का प्रस्तुत किया है कि न्यायालय द्वारा वाद का मूल्यांकन बढ़ाकर 15,000 रू0 निर्धारित कर दिया गया है। इस कारण वाद का मूल्यांकन व न्यायशुल्क बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में वादी को वाद—पत्र में संशोधन की अनुमति प्रदान की जाय। इस संशोधन प्रार्थना—पत्र पर प्रतिवादीगण की ओर से कोई लिखित अथवा मौखिक आपत्ति नहीं की गई है।

सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया।

पत्रावली के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि दि0 08.01.2021 को न्यायालय द्वारा वाद बिन्दु सं0 2 निस्तारित करते हुए वादी को निर्देशित किया गया था कि वह वाद का मूल्यांकन 15,000 रू0 किये जाने हेतु आवश्यक पैरवी नियत तिथि तक करे, जिसके अनुपालन में प्रार्थना—पत्र 31क प्रस्तुत किया गया है। इस कारण प्रार्थना पत्र बाबत संशोधन न्यायालय के आदेश के अनुपालन में है। तद्नुसार प्रार्थना—पत्र 31क स्वीकार किये जाने योग्य है।

**आदेश**

प्रार्थना—पत्र 31क स्वीकार किया जाता हैं। वादी वाद—पत्र में संशोधन अन्दर सप्ताह करे। पत्रावली वास्ते अग्रिम आदेश/निस्तारण वाद बिन्दु सं0 3 दिनांक 29.04.2021 को पेश हो।

सिविल जज (जू0 डि0)
महमूदाबाद,सीतापुर।
J.O. Code-UP-2293

अजय/—

Digitally signed by Mayank Prakash
Date: 2021.03.17 17:05:09 IST
Reason: Document Owner
Location: Civil Judge J.D./J.M. Mahmudabad, Sitapur.